तापमान

अधिकतम 25 .3 डिग्री
न्यूनतम 10 .7 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार 23 जनवरी 2026

13 हाथों का हुनर आत्मनिर्भरता की ओर एक सशक्त कदम...



14 आदि बद्री से ओटू हेड तक सरस्वती के पुनर्जीवन...



## खबर संक्षेप

### 9 माह से लापता मां-बेटी को किया सकुशल बरामद

**हिसार।** पुलिस की मिसिंग सेल ने मार्च 2025 में जिले के के अग्रोहा थाना क्षेत्र से गुमशुदा महिला और उसकी बेटी को सकुशल बरामद किया है। दोनों को जींद के दनौदा क्षेत्र से बरामद किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अग्रोहा थाना क्षेत्र से 9 महीने पहले क्षेत्र की रहने वाले एक महिला अपनी बेटी के साथ लापता हो गई थी। इसके बारे में अग्रोहा थाना में पिछले वर्ष एक अप्रैल को केस दर्ज किया गया। बरामद की गई महिला को जरूरी कार्रवाई अमल में लाकर सकुशल परिजनों के हवाले किया है।

### नगर निगम की टीम ने 17 बेसहारा पशु पकड़ा

**हिसार।** नगर निगम टीम द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़े जाने का अभियान लगातार जारी है। अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा रहे। एएसआई संदीप बिश्नोई ने बताया कि निगम की टीम ने गुरुवार को सेक्टर 16-17, सातरोड क्षेत्र से 17 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण भेजा गया। बेसहारा पशु पकड़ने वाली टीम के साथ पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

### चेक बाउंस मामले में उद्घघोषित आरोपी धरा

**हांसी।** पुलिस जिला भर में उद्घघोषित अपराधी व बेल जंपर के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान शहर धाना पुलिस ने चेक बाउंस मामले में उद्घघोषित आरोपी कुम्हारान गली निवासी भुपेश को गिरफ्तार किया है। एएसआई मनीष कुमार ने बताया कि आरोपी को कोर्ट ने चेक बाउंस के मामले में उद्घघोषित आरोपी करार दिया हुआ था।

### श्री श्याम बसंती वस्त्र का वितरण आज

**हिसार।** शहर के सेक्टर 16-17 स्थित श्री श्याम मंदिर में वसंत पंचमी महोत्सव 23 जनवरी को बड़े श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं को श्री श्याम प्रभु का बसंती वस्त्र एवं मीठे पीले चावलों का भोग वितरित किया जाएगा। मंदिर कमेटी के प्रधान दिनेश बिंदल एवं उपप्रधान त्रिलोक बंसल ने बताया कि वसंत पंचमी का श्याम भक्तों में विशेष धार्मिक महत्व है।

### लाहौरिया स्कूल में मनाया गया बसंत पंचमी का पर्व

**हिसार।** न्यू लाहौरिया विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बसंत पंचमी का उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्रांगण में मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई तथा मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के चेयरमैन प्यारेलाल लाहोरिया, डायरेक्टर विनय कुमार मल्होत्रा, सचिव सुरेंद्र लाहौरिया, प्रधानाचार्या डॉ. कृष्णा सोढ़ी ने दीप प्रज्वलित करके किया।

### बीड़ बबरान धाम में बसंत पंचमी महोत्सव आज

**हिसार।** बीड़ बबरान धाम में 23 जनवरी के बसंत पंचमी महोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस महोत्सव के लिए पूरे धाम को रंग-बिरंगी लड़ियों, लाइट व पीले फूलों से सजाया गया है। साथ ही बीड़ बबरान धाम में स्थापित श्याम बाबा का दरबार सजाया जाएगा। पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि महंत महाराज विनोद शर्मा के सान्निध्य में 23 जनवरी को प्रातः श्याम बाबा की आराधना व पूजा के उपरांत बसंत पंचमी महोत्सव की शुरूआत की जाएगी। प्रातः 10.30 बजे बसंती महाश्रृंगार आरती की जाएगी।

### ध्यान जीवन का बसंत विषय पर ध्यान सत्र 25 को

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में 25 जनवरी को ध्यान जीवन का बसंत विषय पर ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा। प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक चलने वाले इस ध्यान सत्र में साधकों को जीवन के असली बसंत से साक्षात्कार करवाया जाएगा।

## नीम अड्डा–डाब रोड पर पीडब्ल्यूडी और मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारी बोले- सड़क हमारी नहीं

# रोड बनाने वाला विभाग 'लापता', जनता गड्ढों में डीसी बोले- मैं पता लगाकर करवाऊंगा मरम्मत

- जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की बैठक आयोजित, 15 में से 9 परिवादों का हुआ निपटान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की बैठक में गुरुवार को डीसी महेंद्र पाल के सामने गांव आदमपुर में नीम अड्डा से डाब रोड को जोड़ने वाली सड़क से जुड़ा अजीबो-गरीब परिवाद सामने आया। करीब 25 साल पहले बनाई गई यह सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई और इसको फिर से बनाने की मांग उठी तो इसे न तो लोक निर्माण विभाग बना रहा है न ही मार्केटिंग बोर्ड। लोक निर्माण विभाग के एसई अजीत ने तो बैठक में स्पष्ट कह दिया कि एक करीब एक किलोमीटर रोड हैं और पता नहीं किसने बनाई है। इस शिकायत को सुनकर आदमपुर से भाजपा नेता मनीष ऐलावादी खड़े हुए और बताया कि यह सड़क चौधरी भजनलाल के समय बनी थी और यह मार्केटिंग बोर्ड के अंडर में है और वहां बाकायदा बोर्ड भी लगा है। इसके बाद डीसी महेंद्र पाल ने कहा कि कोई बात नहीं, मैं ढूंढ़ता हूं, किसने बनाई और मैं रिपेयर भी करवाता हूं। यह परिवाद आदमपुर के चंद्रपाल ने रखा था और 25 साल पहले बनी सड़क को बनाने की शिकायत समिति की बैठक में लगाई थी। जन परिवाद समिति की बैठक में कुल 15 एजेंडे रखे गए थे और 9 एजेंडा का डीसी ने निपटारा कर दिया। बैठक विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार को लेनी थी, मगर उनके नहीं आने पर डीसी ने परिवादों को सुनाई की और आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

बैठक के उपरांत सचिवालय परिसर में पार्किंग की समस्या को लेकर हई चर्चा के दौरान उपायुक्त ने बताया कि परिसर में मल्टी लेवल पार्किंग का निर्माण जल्द ही करवाया जाएगा।



**हिसार।** बैठक में नलवा विधायक रणधीर पनिहार, एसपी शशांक कुमार सावन, निगमायुक्त नीरज, एसडीएम ज्योति मित्तल, नगराधीश हरिराम आदि मौजूद थे।

### यह परिवाद रखें लंबित

बैठक में बरवाला निवासी रोहताश गुप्ता पुत्र स्व. जुगलकिशोर गुप्ता के प्रॉपर्टी संबंधी परिवाद, गांव बधावड़ निवासी इन्द्रो देवी पत्नी कृष्ण के बैंक लोन को माफ करवाने संबंधी परिवाद तथा सेक्टर 14 निवासी सत्य नारायण गर्ग एवं अन्य द्वारा ऐरन गोल्ड सुक प्रोजेक्ट के संबंध में रखे गए परिवाद को आगामी बैठक के लिए लंबित रखा गया।

### रविदास कॉलोनी के मुद्दे पर भाजपा नेता और विधायक पनिहार उलझे

भाजपा नेता मनीष ऐलावादी ने बैठक में मंडी आदमपुर में रविदास कॉलोनी का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि यह बस्ती 60 साल से बसी हुई है। अब एचएसवीपी कह रहा है कि प्लॉट हमारे हैं। कॉलोनी में मकान तोड़ने का नोटिस दिया गया है। मंत्री और मुख्यमंत्री ने कहा था कि मकान नहीं तोड़े जाएंगे। बस्ती वाले मांग कर रहे प्लॉट उनके नाम किए जाएं। एचएसवीपी के अधिकारी कहते हैं कि यह हमारे हाथ में नहीं है। इस बारे में मंत्री जी ही कुछ कर पाएंगे। ऐलावादी ने कहा कि बस्ती के लोग मंत्री से मिलकर शिकायत रखना चाहते थे, मगर उनको अंदर नहीं आने दिया जा रहा। इस पर डीसी ने कहा कि जब मैं रेगुलर आपकी शिकायत सुन रहा हूं फिर यहां आने का क्या फायदा। डीसी ने आश्वस्त करते हुए कहा कि न तो विभाग तोड़ेगा और न मैं तोड़ने दूंगा। मगर भाजपा नेता ने कहा कि उनके नाम प्लॉट किए जाएं। इस पर ईओ हुडा ने कहा कि यह केस ऊपर भेजा गया है। इसी बीच विधायक रणधीर पनिहार ने कहा कि कुलदीप बिश्नोई सीएस नायब सैनी के लगातार संपर्क में है। वे मकान नहीं टूटने देंगे। बिना मतलब फिर क्यों आए हो। इस पर ऐलाबादी और विधायक आपस में उलझे गए। भाजपा नेता मनीष ऐलावादी ने कहा कि पनिहार को आदमपुर की जमीनी हकीकत का पता नहीं है, जिनके मकान टूटने की कगार पर हों उनको रातभर नींद नहीं आती।

### नोटिस का जवाब नहीं देने पर एफआईआर के निर्देश

ग्लोबल स्पेस निवासी प्रार्थी अविनाश भाटिया द्वारा पैसे देने के बाद भी राज दरबार बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्लॉट की रजिस्ट्री नहीं करवाने की शिकायत रखी गई। उन्होंने ने बताया कि मैंने अपनी बहू डॉ. दिव्या मोहन के नाम से प्लॉट लिया था। कंपनी ने 12 अप्रैल 2021 को अलॉटमेंट लेटर दिया। प्रोजेक्शन के नाम पर करीब 21 लाख रुपए की डिमांड की। हमने 20 लाख का रुपए का लोन लिया और 111828 रुपए का चेक कंपनी को दे दिया। कंपनी ने शेष पैसे देने के बाद भी आज तक रजिस्ट्री नहीं दी। आज तक हमें दो लाख रुपए की रसीद नहीं दी गई। इस पर भाजपा नेता प्रवीण जैन ने आरोप लगाया कि राजदरबार स्पेस में बहुत बड़ी अनियमितताएं हैं। इस पर कार्रवाई होनी चाहिए। इस पर डीटीपी कार्यालय की ओर से बताया गया कि संबंधित कंपनी को नोटिस दे दिया गया है। परिवाद पर सुनवाई करते हुए कहा कि कंपनी की ओर से जवाब न आए तो केस दर्ज आगे की कार्रवाई की जाए।

### पानी के टैंकों की सफाई करवाकर टीडीएस कम होने तक करते रहे रिपोर्ट: डीसी

बोबुआ के जल घर के टैंकों की सफाई की मांग पर डीसी ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को सभी गांवों के जलघरों की सफाई करवाकर टीडीएस कम करने की दिशा में जरूरी कदम उठाने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि टीडीएस कम होने तक मुझे रिपोर्ट करते रहें। ग्राम पंचायत मलापुर के सरपंच द्वारा गांव में पेयजल की समस्या रखे जाने पर जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कहा कि 15 फरवरी तक समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। टिब्बा दानाशेर मिलगेट निवासी रेखा पत्नी बिट्टू द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवंटित फ्लैट दिलवाने संबंधी परिवाद पर उन्होंने पूरा केस बनाकर मुख्यालय भेजने के निर्देश दिए। इसी प्रकार से सेक्टर-21पी के निवासियों के नई सब्जी मंडी कचरा मुक्त बनाने के परिवाद पर उन्होंने समस्या का निस्तारण करने और जगह-जगह कचरा प्वाइंट बनने से रोकने के लिए उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## गुजवि ने विद्यार्थियों को दिया स्पेशल मर्सी चांस

- वर्ष 2011 या उसके बाद के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं।

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से गुरु जम्भेश्वर जी महाराज के 375वें जन्मोत्सव के अवसर पर विद्यार्थियों को स्पेशल मर्सी चांस दिया गया है। इसमें वर्ष 2011 या उसके बाद के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। दूरस्थ शिक्षा विभाग के स्पेशल मर्सी चांस के लिए ऑनलाइन पोर्टल 21 जनवरी से खोल दिया गया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने 2011 या उसके बाद में विश्वविद्यालय द्वारा संचालित किसी भी पाठ्यक्रम में दाखिला लिया और किसी कारणवश निर्धारित अधिकतम समयावधि में वह अभी तक अपनी डिग्री या पाठ्यक्रम पूरा नहीं कर पाए हैं। वे स्पेशल मर्सी चांस परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। सत्र 2011 से पहले के किसी पेपर के लिए स्पेशल मर्सी चांस परीक्षा के अंतर्गत आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को लिखित में परीक्षा शाखा से अनुमति लेनी होगी। इस परीक्षा के आयोजन के लिए परीक्षा केन्द्र केवल विश्वविद्यालय या हिसार शहर में ही सम्बद्ध डिग्री महाविद्यालयों में स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा के आयोजन की अधिसूचना प्रशासनिक सुगमता अनुसार परीक्षा आवेदन प्राप्ति के बाद की जाएगी, जिसकी जानकारी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दी जाएगी।

## ट्राले की टक्कर से कैंटर चालक की मौत, हाइवे पर जाम

- 2 घंटे तक कैबिन में फंसा रहा चालक, बच्चों का पिता था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गीता चौक के समीप गुरुवार सुबह करीब 8 बजे एक ट्राले व कैंटर के बीच भिड़ंत हो गई। भिड़ंत में कैंटर ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच क्रेन की मदद से कैंटर के केबिन में फंसे चालक के शव को को बाहर निकाल पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतक की पहचान फतेहाबाद जिले के गांव भोड़िया खेड़ा निवासी 35 वर्षीय मान सिंह के रूप में हुई है। वहीं हादसे के बाद राजमार्ग पर जाम लग गया, पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त कैंटर को को राजमार्ग से हटा कर यातायात को सुचारू करवाया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गीता चौक पर बने ब्रेकर के कारण जब ट्राला चालक ने स्पीड कम की तो उसके पीछे आ रहा कैंटर ने ट्राले में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कैंटर का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और कैंटर चालक केबिन में फंस गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने कैंटर चालक को निकालने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिलने पर क्रेन की मदद से कैंटर के केबिन को काट कर शव को बाहर निकाला और उसे नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक मान सिंह के परिजनों के बयान के आधार पर अज्ञात ट्राला चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। जांच अधिकारी एएसआई सुशील कुमार ने बताया कि हादसे के बाद ट्राला चालक ट्राले को मौके पर छोड़ वहां से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, हादसा इतना भयावह था कि कैंटर का केबिन बुरी तरह से पिचक गया और कैंटर चालक उसके अंदर फंस गया। केबिन में फंसे चालक के शव को बाहर निकालने में करीब दो घंटे मशक्कत कर कैंटर के कैबिन को काटकर शव को बाहर निकाला गया।



**हांसी।** क्रेन की मदद से चालक का शव बाहर निकालते राहगीर।

## भिवानी न्यायिक परिसर को बम से उड़ाने की धमकी व गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस अलर्ट

- पुलिस ने डॉग स्क्वायड टीम के साथ तलाशी एवं चेकिंग अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

भिवानी न्यायिक परिसर को बम उड़ाने की धमकी मिलने और हांसी जिले के पहले गणतंत्र समारोह के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने लिए पुलिस अलर्ट है। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन के निर्देशानुसार गुरुवार को शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुखजीत सिंह ने डॉग स्क्वायड टीम के साथ ऐतिहातन सघन सुरक्षा जांच में अभियान चलाया गया। इस दौरान जिले भर में स्थित सभी महत्वपूर्ण सरकारी इमारतों, कार्यालयों व सार्वजनिक स्थलों की सघन तलाशी एवं सुरक्षा जांच की गई। इस अभियान के तहत जिला न्यायालय व जिला सचिवालय परिसर सहित अन्य संवेदनशील सरकारी इमारतों की बारीकी से जांच की। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुखजीत सिंह ने बताया कि जांच के दौरान न्यायिक व जिला सचिवालय परिसर में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।



**हांसी।** न्यायिक परिसर में तलाशी अभियान के दौरान डॉग स्क्वायड के साथ जांच करते पुलिस अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## चाइनीज डोर बेचने पर तीन गिरफ्तार

- भारी मात्रा में चाइनीज डोर व मशीनें बरामद, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हांसी पुलिस ने अवैध रूप से चाइनीज डोर बेचने वालों पर कार्रवाई करते हुए सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने चाइनीज डोर बेच रहे तीन आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार कर भारी मात्रा में चाइनीज डोर व मशीनें बरामद की। किला बाजार पुलिस चौकी प्रभारी एसआई जसवीर ने बताया कि चौकी पुलिस को गश्त के दौरान रामपुरा मोहल्ला में सूचना मिली कि रामपुरा मोहल्ला निवासी रिंकु व सतीश तथा डडल पार्क निवासी शंकर लाल अपनी-अपनी दुकानों में अवैध रूप से प्रतिबंधित चाइनीज डोर बेच रहे हैं।

सूचना के आधार पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दुकानों की तलाशी ली तो शंकर लाल की दुकान से चाइनीज डोर की 42 चरखी तथा चाइनीज डोर भरने की मशीन बरामद हुई। रिंकु की दुकान से चाइनीज डोर की 27 चरखी व डोर भरने की मशीन बरामद हुई तथा सतीश की दुकान से भी भारी मात्रा में चाइनीज डोर बरामद की गई। चौकी इंचार्ज ने बताया कि आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है।



**हांसी।** प्रतिबंधित चाइनीज डोर के साथ पकड़े गए तीनों आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

## सूर्यनगर फाटक के पास चाकू मारकर फोन छीनने के मामले में दो गिरफ्तार

- मोबाइल व वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद

**हिसार।** अर्बन एस्टेट थाना पुलिस ने सूर्य नगर फाटक के पास साइकिल सवार पर चाकू से हमला कर मोबाइल फोन छीनने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें आंबेडकर बस्ती निवासी दीपक व महावीर कॉलोनी निवासी जोगिंदर शामिल है। जांच अधिकारी एएसआई रवींद्र ने बताया कि इस संबंध में मॉल कॉलोनी मॉडल टाउन में रह रहे दरभंगा निवासी गंदोरी शाह ने दो लड़कों द्वारा सूर्य नगर फाटक के पास चाकू से चोटें मार मोबाइल फोन छीनने के बारे में शिकायत दी थ कि वह 21 जनवरी की शाम को सेक्टर 1—4 में काम करके घर जा रहा था। वह सूर्य नगर फाटक के पास पहुंचा तो पीछे से दो लड़कों ने इसे पकड़ लिया, एक लड़के ने उसकी गर्दन पर चाकू लगा, मुंह पर चोटें मारी और दूसरे ने मोबाइल फोन छीन लिया। पुलिस ने केस दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनसे चाकू भी बरामद किया है।



**हिसार।** कुलेरी व साबरवास में डीएलसी साबरवास माइनर के रिमॉडलिंग कार्य की जांच करती टीम।

## सीएम फ्लाइंग ने कुलेरी पहुंचकर की माइनर रिमॉडलिंग की जांच

- निर्माण सामग्री के कई स्थानों से सैंपल लेकर लैब जांच के लिए भेजे जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

डीएलसी साबरवास माइनर के रिमॉडलिंग कार्य में अनियमितताओं की शिकायत मिलने पर सीएम फ्लाइंग की टीम गांव कुलेरी व साबरवास क्षेत्र में पहुंची और मौके पर निर्माण कार्य की गहन जांच की। जांच के दौरान टीम ने माइनर के विभिन्न हिस्सों से निर्माण सामग्री के सैंपल एकत्रित किए, जिन्हें गुणवत्ता परीक्षण के लिए लैब में भेजा जाएगा। लैब रिपोर्ट आने के बाद मामले में आगामी कार्रवाई की जाएगी। टीम का नेतृत्व सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने किया। टीम में पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन के एसडीओ राजेश कुमार, जेई पवन कुमार, एएसआई सुरेंद्र, हेड कांस्टेबल विजय व जितेंद्र सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने मौके पर माइनर की स्थिति का निरीक्षण किया और किसानों से सीधे बातचीत कर उनकी शिकायतों को गंभीरता से सुना।

### घटिया सामग्री प्रयोग का आरोप

कुलेरी सरपंच प्रतिनिधि विजय, साबरवास सरपंच प्रतिनिधि सुशील, किसानों सुरेश, राजेश, संदीप, राजेन्द्र, सज्जन, कुलवंत सिंह, नरेश आदि ने शिकायत में बताया कि सिंचाई विभाग द्वारा डीएलसी साबरवास माइनर का रिमॉडलिंग कार्य जुलाई 2025 में कराया गया था। यह माइनर गांव कुलेरी और साबरवास के खेतों से होकर गुजरता है और इसी के माध्यम से किसान अपने खेतों की नहरी सिंचाई पर निर्भर हैं। किसानों का आरोप है कि रिमॉडलिंग कार्य में घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया गया और सीमेंट की मात्रा भी मानकों के अनुसार नहीं डाली गई।

### कुछ ही समय बाद माइनर में पड़ीं दरारें

किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि रिमॉडलिंग के दौरान माइनर के निचले हिस्से में लगाए जाने वाले कागज (पॉलीथिन) का प्रयोग नहीं किया गया। निर्माण कार्य पूरा होने के कुछ ही समय बाद माइनर में दरारें आने लगीं और कई स्थानों से टूट-फूट शुरू हो गई। इससे माइनर से पानी का रिसाव होने लगा, जिसके कारण खेतों तक पर्याप्त मात्रा में नहरी पानी नहीं पहुंच पा रहा है और किसानों को फसलों की सिंचाई में भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों व किसानों ने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों व ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और माइनर का रिमॉडलिंग कार्य दोबारा मानकों के अनुसार करवाया जाए।

**नए इतिहास की तैयारी** | 15 छात्र और पुरातत्व विभाग के तीन कर्मचारी मिलकर करेंगे काम

# राखीगढ़ी में खुदाई शुरू, पहले दिन ट्रेंच की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

हड़प्पा कालीन सभ्यता को लेकर पूरे विश्व में प्रसिद्ध राखीगढ़ी में एक बार फिर खुदाई शुरू हो गई है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के महानिदेशक वाईएस रावत व अधीक्षण पुरातत्वविद मनोज सक्सेना ने गुरुवार को नारियल तोड़ कर खुदाई शुरू की। सबसे पहले टीले नंबर एक पर खुदाई शुरू की जाएगी। इसके लिए अलग-अलग यूनिवर्सिटी के 15 छात्र और पुरातत्व विभाग से पांच कर्मचारी खुदाई करेंगे।

अबकी बार टीलों के किनारों पर खुदाई की जाएगी ताकि शहर का स्वरूप कैसा था, वो देखा जाए। तीन साल चलने वाली खुदाई के पहले दिन छात्रों ने ट्रेंच पर साफ-सफाई की। शुक्रवार से खुदाई करने वाले औजारों के साथ काम शुरू किया जाएगा। खुदाई करने के लिए भारतीय पुरातत्व संस्थान, हिमाचल प्रदेश की यूनिवर्सिटी, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी, डेक्कन यूनिवर्सिटी पुणे के छात्र शामिल रहेंगे। कुछ छात्र पहली बार खुदाई कर रहे हैं।

पॉटरी यार्ड बनाया गया है। खुदाई के दौरान निकलने वाली पॉटरी को इसमें रखा जाएगा। अबकी खुदाई काफी अहम रहने वाली है। टीलों के बीच में क्या होता था वो चीजें दुनिया के सामने कुछ हद तक आ चुकी हैं लेकिन इन टीलों का क्या आकर था, उनकी सीमाएं देखकर पता लगाया जाएगा कि इनका विस्तार कहां तक था। यह सात टीले क्यों बने, इनका आपस में क्या संबंध होता था, इन टीलों को अलग अलग करने वाले गैप को देखा जाएगा, वह चीज नीचे भी जा रहे हैं या सिर्फ ऊपरी भाग में ही है। सभी चीजें आने वाले समय में खुदाई के दौरान देखने को मिलेंगी।



**नारनौंद।** खुदाई का शुभारंभ करते महानिदेशक वाईएस रावत व मनोज सक्सेना।

### मिलेगी नई पहचान

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग दिल्ली के महानिदेशक वाईएस रावत ने राखी गढ़ी के हड़प्पन विलेज सेंटर का दौरा कर उसमें हुए अवशेषों का अवलोकन किया बताया कि काफी बेहतरीन तरीके से इसको तैयार किया गया है। बाहर से आने वाले पर्यटकों को राखीगढ़ी में हड़प्पा कालीन सभ्यता को जानने का अवसर मिलेगा। इसमें बहुत सारी जानकारी चित्रों के माध्यम से भी उखेरी गई है। महानिदेशक वाईएस रावत ने बताया कि अबकी बार अलग तरीके से खुदाई शुरू की जा रही है। टीलों के बीच से खुदाई ना करके किनारो पर खुदाई करके इस शहर के स्वरूप और टीलों का आपस में क्या संबंध था। इस बारे में बहुत सारी जानकारी सामने आने वाली है। इस अवसर पर एसडीएम विकास यादव, चंडीगढ़ सर्कल से अधीक्षण पुरातत्वविद कुबई मैडम, भारतीय पुरातत्व विभाग से उप अधीक्षण पुरातत्वविद भूपेंद्र सिंह फोनिया, सहायक पुरातत्वविद सोनू नागर, सीए विकास, सर्वेयर राघवेंद्र आदि थे।



हर देश का अपना एक राष्ट्रगान, राष्ट्रीय ध्वज होता है। साथ में राष्ट्रगीत और कुछ राष्ट्रीय प्रतीक भी होते हैं। इसके साथ राष्ट्रीय पशु-पक्षी और फूल भी होते हैं। इन सबके बारे में नंदन को उसकी दीदी, मां-पिता और टीचर ने विस्तार से जानकारी दी। इनके बारे में जानकर नंदन को अपने देश पर बड़ा गर्व महसूस हुआ। बच्चो, तुम भी जानो इन सबके बारे में।

# देश की शान-पहचान हमारे राष्ट्रीय प्रतीक



ज्ञान वार्ता
विमला भंडारी

नंदन को स्कूल से पुस्तकें मिली थीं। वह बिस्तर पर लेटा हुआ उन्हें उलट-पुलट कर देख रहा था। पुस्तक के अंतिम पृष्ठ पर लिखी पंक्तियां वह गुनगुनाने लगा, 'जन-गण-मन अधिनायक जय हे भारत भाग्य विधाता...।'

**राष्ट्रगान का करो सम्मान:** नंदन के कमरे के सामने से गुजरती दीदी ने जब अपने छोटे भाई को लेटे-लेटे राष्ट्रगान गाते सुना तो उन्होंने टोका, 'नंदन, यह क्या? राष्ट्रगान को इस तरह लेटकर नहीं गाया जाता।' 'क्यों



दीदी?' नंदन ने उठकर बैठते हुए उत्सुकतापूर्वक दीदी से पूछा। 'अरे, तुम्हें इतना भी नहीं पता! राष्ट्रगान को हमेशा सावधान की मुद्रा में खड़े होकर खुले आसमान के नीचे राष्ट्रध्वज के सामने गाया जाता है।' दीदी ने बताया। 'अगर लेटकर, बैठकर या चलते हुए गाएं तो दीदी?' नंदन ने आगे पूछा। 'नहीं, इससे हमारे राष्ट्रगान का अपमान होता है। राष्ट्रगान का सम्मान करना हमारे देश प्रेम की भावना को प्रकट करता है। अब कभी-भी कहीं भी चलते या बैठे हुए तुम्हारे कानों में यदि राष्ट्रगान की धुन भी सुनाई पड़ जाए, तो तुरंत वहीं ठहरकर सावधान की मुद्रा में खड़े हो जाना। फिर गान की समाप्ति पर श्रद्धा से शीश झुका देना, यह तुम्हारा मातृभूमि को किया गया नमन होगा।' दीदी ने नयन को समझाया।



'ओह दीदी! अनजाने में कितनी बड़ी गलती कर बैठा मैं।' नयन ने अपने माथे पर हाथ रखते हुए कहा। 'अच्छा नंदन, अब मैं चलती हूं। आज शाम को मैं तुम्हें राष्ट्रीय चिन्हों से संबंधित बातें बताऊंगी। अभी मुझे अपने स्कूल जाना है। तुम तो देर से निकलोगे, क्योंकि तुम्हारा स्कूल तो पास में ही है।' दीदी ने अपना बैग समेटते हुए कहा और नंदन को 'बाय' करके अपने स्कूल चली गईं।

**जानो अपने राष्ट्रीय चिन्ह:** दीदी की बातें सुनकर नंदन की उत्सुकता बढ़ गई थी। वह दौड़ा-दौड़ा मां के पास आकर बोला, 'मां-मां, मुझे राष्ट्रीय चिन्हों के बारे में बताओ न!'

'अभी बताती हूं, पहले मेरे पर्स से एक नोट लेकर आओ।' मां बोलीं। नंदन ने मां को एक नोट लाकर दिया। मां बताने लगीं, 'यह देखो नंदन, हमारा राष्ट्रीय चिन्ह जो कि वाराणसी के पास सारनाथ में सम्राट अशोक द्वारा बनाए गए 'सिंह स्तंभ' से लिया गया है। और ये देखो, नीचे की इस चौरस पट्टी के बीच एक चक्र बना हुआ है, जिसके दाईं ओर सांड और बाईं ओर घोड़े का चित्र बना हुआ है। बीच में देखो, 'सत्यमेव जयते' लिखा हुआ है, जो हमारे राष्ट्र का आदर्श वाक्य भी है। 'सत्यमेव जयते' का अर्थ है-सत्य की हमेशा विजय होती है। यही चक्र तुम तिरंगे झंडे में भी देखते हो...।' मां ने बताया।


**तीन रंगों वाला हमारा राष्ट्रीय ध्वज:** बात जब तिरंगे झंडे की आई तो नंदन झट से बोला, 'हां मां, झंडे के तीनों रंग मुझे मालूम हैं। सबसे ऊपर केसरिया, बीच में सफेद और नीचे हरा।'

'हां, राष्ट्रीय ध्वज की सफेद पट्टी पर नीले रंग का यह चक्र बना हुआ है। जिसे अशोक चक्र कहते हैं। यह हमारी प्रगति का सूचक है। तिरंगे के सभी रंग अपने अंदर संदेश समाहित किए हुए हैं।' तभी पापा ने उसे अपने पास बुलाया, 'इधर आओ नंदन, मैं तुम्हें बताता हूं।' पापा ने नंदन को अपने बगल में बैठाया और बोले, 'झंडे के ऊपर का केसरिया रंग हमारी वीरता का प्रतीक है। यह रंग हमें संदेश देता है कि हम हमारे वीरों



की भांति अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें। सफेद रंग शांति का प्रतीक है, जो विश्व में शांति का संदेश देता है। हरा रंग हमारी समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक है।' नंदन ने अपने पापा की सारी बातें बहुत ध्यान से सुनीं। उसके स्कूल जाने का समय हो चुका था, तैयार होकर वह स्कूल के लिए निकल पड़ा।


**राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत के रचयिता:** नंदन स्कूल आया तो वहां प्रार्थना के बाद राष्ट्रगान गाया गया। अपनी क्लास में पहुंचकर नंदन सभी बच्चों को राष्ट्रीय चिन्ह और ध्वज के बारे में बताने लगा। इतने में क्लास टीचर ने प्रवेश किया। उन्होंने अंदर आते समय नंदन की कुछ बातें सुन ली थीं। सभी बच्चों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। 'अच्छा बच्चो, क्या तुम बता सकते हो कि हमारे राष्ट्रगान के रचयिता कौन थे?' क्लास टीचर के इस प्रश्न पर पूरी कक्षा मौन हो गई। टीचर ने बताया, 'रवींद्रनाथ टैगोर, राष्ट्रगान के रचयिता थे। उन्होंने यह गीत 1912 में लिखा तथा इसे राष्ट्रगान के रूप में 24 जनवरी 1950 को स्वीकार किया गया। इसी तरह बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित गीत 'वंदे मातरम्' को राष्ट्रीय गीत के रूप में मान्यता मिली है।'



अपने राष्ट्र के महत्व की इतनी सारी रोचक और महत्वपूर्ण जानकारी पाकर नंदन, बहुत खुश और गौरवान्वित महसूस कर रहा था। *

## राष्ट्रीय पक्षी, पशु और फूल

घर आने के बाद नंदन दीदी के स्कूल से लौटने का इंतजार करने लगा। वह सोच रहा था कि आज मालूम पड़ी सारी नई जानकारियां बताकर दीदी को चौंका देगा। लेकिन हुआ इसका उल्टा। जब दीदी ने उससे राष्ट्रीय पक्षी, राष्ट्रीय पशु और राष्ट्रीय फूल के बारे में पूछा तो वह नहीं बता पाया। अभी इनके बारे में तो जानना बाकी ही था! दीदी ने नंदन को बड़े प्यार से बताया कि अपना राष्ट्रीय पक्षी मोर, राष्ट्रीय पशु बाघ और राष्ट्रीय फूल कमल है।



कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## धम्मक-धम्मक-धम



आई है छब्बीस जनवरी,
खुशियों का आलम।
लहर रहा हर ओर तिरंगा,
फहर रहा परचम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।
संविधान की रक्षा की,
खाते हैं आज कसम।
'जन-गण-मन' के साथ गा रहे,
'वंदे मातरम्' हम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।
देश हमारा दिन-दिन विकसित,
करें सभी परिश्रम।
शांति-अहिंसा वाला मौसम,
बना रहे हरदम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।

कविता / राजेंद्र श्रीवास्तव

## गाओ वंदे मातरम्



गाओ वंदे मातरम्
गाओ वंदे मातरम्।
राष्ट्रगीत के बोल निराले।
मन में ओज जगाने वाले।
मनभावन लय स्वर सरगम।
गाओ वंदे मातरम्।
जननी जन्मभूमि की जय हो।
जग में यश अनंत अक्षय हो।
सुखदाई शुभ सुंदरम्।
गाओ वंदे मातरम्।
आओ मिलकर कदम बढ़ाएं।
भारत माता का यश गाएं।
ध्वज निर्भय फहराएं हम।
गाओ वंदे मातरम्।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## देशभक्ति बाल कविताएं



बच्चो, हाल में छपकर आई 'हम हैं सैनिक भारत के' किताब में 101 देशभक्ति की भावना से भरी हुई कविताएं संकलित हैं। इसके रचनाकार डॉ. वेद मित्र शुक्ल हैं। इस किताब में ज्यादातर कविताएं, भारत के वीर सैनिकों, स्वाधीनता सेनानियों और भारतीय सेना के अदम्य साहस पर लिखी गई हैं। पहले खंड में तुम उन परमवीर चक्र विजेता सैनिकों के बारे में कविताएं पढ़ सकते हो, जिन्होंने अलग-अलग युद्धों में अदम्य वीरता का परिचय दिया। इनके अलावा वीर सेनानी महापुरुष, भारत की सेनाएं, राष्ट्रीय पर्व, प्रयाण गीत समेत कुछ अन्य खंडों में भी ओज से भरी अनेक देशभक्ति की कविताएं पढ़ सकते हो। बच्चो, इस किताब में संकलित देशप्रेम में रंगी इन प्यारी-प्यारी कविताओं को पढ़कर निश्चित ही तुम्हारे मन में देशभक्ति की भावना का संचार होगा। तुम भी अपने देश के विकास और उसकी सुरक्षा में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित होगे। *

**किताब:** हम हैं सैनिक भारत के (बाल कविताएं), **लेखक:** डॉ. वेद मित्र शुक्ल, **मूल्य:** 395 रुपए, **प्रकाशक:** सर्वभाषा प्रकाशन, नई दिल्ली

## बूझो तो जानें



1. वर्ष के प्रथम माह में आती,
धूमधाम से मनाई जाती,
लागू हुआ इस दिन संविधान,
बढ़ाया हमारा मान-सम्मान।



2. तिरंगे की जो शोभा बढ़ाए,
गतिशीलता का प्रतीक बन जाए,
चौबीस तीलियां जिसमें समाएं,
बताओ बच्चो, वह क्या कहलाए।

3. एक रंग है साहस का,
दूजा शांति का कहलाता,
तीजा रंग है उर्वरता का,
देश की शान है माना जाता।

-नलिन खोईवाल

उत्तर : 1. 26 जनवरी, 2. अशोक चक्र, 3. तिरंगे के तीन रंग- केसरिया, सफेद और हरा

## जीके क्विज-189

1. इस साल गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि कौन होंगे?
2. इस वर्ष कौन-सा गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है?
3. आज भारत के किस महान स्वाधीनता सेनानी की जयंती है?
4. भारतीय सेना दिवस कब मनाया जाता है?
5. हाल ही में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व किस राज्य में मनाया गया?
6. भारत का संविधान किस वर्ष लागू हुआ था?
7. भारतीय संविधान की ड्राफ्टिंग कमिटी के अध्यक्ष कौन थे?
8. भारतीय संविधान में कितने मूल अधिकार शामिल हैं?
9. संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?
10. राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' किसने लिखा था?



**बच्चो, जीके क्विज-189 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-188 का उत्तर :** 1.उत्तर प्रदेश, 2.सोजर्ड मारिजने, 3.जस्टिस सूर्यकांत, 4.दिल्ली, 5.अल्बर्ट आइंस्टाईन, 6.अमेजन वर्षा वन, 7.महाराष्ट्र, 8.जम्मू कश्मीर, 9.सहारा, 10.जवाहरलाल नेहरू


**जीके क्विज-188 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, शुभम-दुर्ग, गुंजा-रायपुर, सचिन-बिलासपुर, हर्ष-रोहतक, रचित-बिलासपुर, काव्या-बेमेतरा, सूरज-रायगढ़, किंशुक-महासमुंद, प्राची-बालोद



कहानी
डॉ. अलका जैन 'आराधना'

हर बार बड़े उत्साह से वसंत पंचमी का उत्सव मनाने वाले सोहम का इस बार मन सही नहीं था। असल में उसके पास पहनने के लिए पीली ड्रेस नहीं थी। दोस्तों को जब यह बात पता चली तो उन्होंने सोहम को पीले रंग की छटा से ऐसा सजाया कि वह वसंत राजा बन गया। वासंती रंग में रंगी दोस्तों की एक प्यारी-सी कहानी।

## वसंत राजा




हर साल वसंत पंचमी उत्सव में सबसे आगे रहने वाला सोहम इस बार शांत था। कॉलोनी के पार्क में बच्चे वसंत उत्सव की तैयारी में लगे थे। वे रंग-बिरंगे रिबन, पीले फूलों की झालरें लगा रहे थे, लेकिन सोहम के भीतर कोई उमंग-उत्साह नहीं दिख रहा था। यह देखकर आयुष ने पूछा, 'अरे सोहम, वसंत पंचमी का त्योहार है और तुम ऐसे उदास क्यों हो?'

सोहम नजरें झुकाते हुए बोला, 'ऐसा कुछ नहीं है, बस यूं ही शांत हूं।'

सारा तुरंत बोली, 'ऐसा कुछ नहीं क्या..? तुम तो वसंत पंचमी उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हो। याद है, पिछले साल तुमने सबसे बड़ी रंग-बिरंगी पूंछ वाली पतंग उड़ाई थी।' सोहम धीरे से बोला, 'इस बार मन नहीं है।' लेकिन ऐसा क्यों, उसने दोस्तों को इसकी वजह नहीं बताई।

कुछ देर बाद दोपहर में सजे पार्क में सब बच्चे नई पीली ड्रेस पहनकर चहक रहे थे। कियारा दोस्तों के बीच उछलते हुए आई और बोली, 'मुझे देखो, मेरी मम्मी ने मेरे लिए सरसों के फूल जैसी कितनी प्यारी-सी फ्रॉक बनाई है।'

अनंत हंसते हुए बोला, 'और मेरा कुर्ता भी देखो, मैं चलता हूं तो लगता है हवा लहरा रही है।' सब बच्चे खुश तो थे, लेकिन अपने बीच सोहम के ना होने की कमी उन्हें अखर रही थी। आयुष से ना रहा गया, बोला, 'कुछ गड़बड़ है। हमें पता लगाना चाहिए, सोहम आज वसंत उत्सव में आखिर क्यों नहीं शामिल हुआ?'

सारा भी बोली, 'हां, सोहम के बिना वसंत पंचमी का उत्सव फीका लग रहा है।'

कियारा बोली, 'चलो, उसके घर चलते हैं। जानते हैं कि वह वसंत उत्सव में क्यों नहीं आया?' तीनों सोहम के घर पहुंचे। सोहम दोस्तों को देखकर चौंका, 'अरे, तुम लोग यहां!' आयुष ने आगे बढ़कर सोहम के कंधे पर हाथ रखा और प्यार से पूछा, 'सच-सच बताओ दोस्त, तुम वसंत उत्सव कार्यक्रम में क्यों नहीं आए?'

सोहम थोड़ा रुका, फिर धीमी आवाज में बोला, 'मेरे पास वसंत उत्सव में पहनने के लिए पीली ड्रेस नहीं है। इस महीने घर में बहुत ज्यादा खर्चा था, इस वजह से मम्मी-पापा ड्रेस खरीद नहीं पाए। पुरानी ड्रेस तो छोटी हो गई है। सब लोगों ने तो इतनी सुंदर-सुंदर पीली ड्रेस पहन रखी हैं। मैं अकेला पुरानी ड्रेस में बुरा लगूंगा, इसलिए नहीं आया।' सारा ने अपनी आंखें गोल-गोल घुमाईं और बोली, 'बस इतना सा कारण। अरे! तो हम लोग किसलिए हैं?'

अनंत मुस्कुराया, 'मिशन पीला सोहम शुरू!' सबसे पहले आयुष घर जाकर अपने पापा की पुरानी पीली टी-शर्ट लेकर आया। उसने पूछा, 'ये कैसी है?'

सोहम ने टी-शर्ट देखते ही कहा, 'अरे! यह तो मेरे घुटनों तक आएगी!'

सब हंसने लगे। तभी कियारा भी अपने घर भागी और अपने भाई की पीली जैकेट लेकर आई। सोहम को देकर बोली, 'यह पहन लो।' सोहम ने जैकेट पहनी। जैकेट की चेन बीच में फंस गई। सोहम बोला, 'इसके अंदर तो मेरी सांसें बंद हो जाएंगी।'

अनंत बोला, 'रुको, मेरे पास आइडिया है।' यह कहते हुए वह बहुत तेजी से अपने घर की ओर भागा और पीले रिबन, पीला चार्ट पेपर, ग्लिटर और स्टार स्टिकर्स लेकर लौटा। सारा उछल पड़ी, 'वाह! अब हम स्वयं बनाएंगे वसंत राजा सोहम की वसंत पंचमी ड्रेस। सबसे यूनिक ड्रेस होगी यह।'

कॉलोनी के पार्क की बेंच पर बैठकर बच्चों ने ड्रेस डिजाइनिंग शुरू की।

अनंत ने पीले-पीले रिबन काट-काटकर उसके कंधों पर लगाए। कियारा ने उसके सीने पर एक सूरजमुखी के शेप का ब्रोच भी लगा दिया।

सारा ने ग्लिटर से लिखा-वसंत राजा। सोहम ने जब अपनी नई ग्लिटरी थोड़ी टेढ़ी और चमकदार ड्रेस पहनी तो वह आश्चर्यचकित रह गया, बोला, 'सच में क्या मैं वसंत राजा लग रहा हूं?'

आयुष बोला, 'अरे, तुम राजा क्या चलती-फिरती वसंत की बहार हो!'

सब खिलखिला कर हंस पड़े।

वसंत पंचमी कार्यक्रम शुरू हुआ। मंच पर ड्रेस शो के लिए बच्चों को बुलाया जाने लगा। एनाउंसर ने एनाउंस किया, 'और अब आ रहा है हमारा वसंत का राजा!'

स्पॉटलाइट जैसे ही सोहम पर पड़ी लोग उछल पड़े। कार्यक्रम स्थल तालियों से गूंज उठा। एक अंकल बोले, 'इतनी क्रिएटिव ड्रेस डिजाइनिंग किसने की है?'

आयुष, सारा, अनंत और कियारा एक साथ बोले, 'हमने!' फिर सोहम ने माइक पर आकर बताया, 'मेरे दोस्तों ने मुझे अहसास कराया कि त्योहार पर दोस्त साथ हों तो कभी कोई फीका नहीं पड़ सकता। खुशियों से खिल उठता है।'

इसी बीच जजेस ने ऐलान किया, 'वसंत पंचमी की बेस्ट ड्रेस का पुरस्कार सोहम को मिलेगा।'

पूरा कार्यक्रम स्थल एक बार फिर तालियों से गूंज उठा। बच्चे भी खुशी से नाच उठे। *

कविता
डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'



## लो, वसंत की ऋतु आई है!

लगे परी-सी धरती रानी,
देख इसे होती हैरानी।
निखर उठी है अजब छटा से
आज अनोखी प्रकृति सुहानी।
पेड़ झूमते हैं मस्ती में,
डाली-डाली बौराई है।
लो वसंत की ऋतु आई है।
फूलों से लद गए बगीचे,
भौंरे फिरते आंखें मींचे।
यों लगता है जैसे अंबर,
भू पर भर-भर खुशी उलीचे।
शब्द सरीखे इस मौसम का
रंग-ढंग सब सुखदाई है।
लो, वसंत की ऋतु आई है।
नाच रही गेहूं की बाली,
झूम रही सरसों मतवाली।
देख नजारा पौध चने के
हंस-हंस बजा रहे हैं ताली।
कोयलिया का गीत, हवा की
सरगम सबके मन भाई है।
लो वसंत की ऋतु आई है।

## रंग भरो-194

**रंग भरो-194** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रशिका, जांजगीर



समृद्धि, शहडोल



धरा, रायपुर



पयोधि, अंबिकापुर



ओविया, बिलासपुर



प्रमाण, बालोद

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

भूमि-अटेली मंडी, अमोल-बेमेतरा, आशना-जांजगीर, चेतन-दुर्ग, दिशांत-महेंद्रगढ़, कल्पित-बालोद, कुहू-बिलासपुर, रेयांश-बिलासपुर, खुशी-भिवानी, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सोहम-रोहतक, हर्षिता-कोरबा

## रंग भरो 195



बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में दो बच्चे रिपब्लिक-डे के अवसर पर हमारे नेशनल फ्लैग को सैल्यूट कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### अग्रोहा अनाज मंडी बनेगी आधुनिक

**हिसार।** मार्केटिंग बोर्ड से जुड़े अधिकारियों ने गुरुवार को अग्रोहा अनाज मंडी का निरीक्षण किया। इन अधिकारियों में क्षेत्रीय प्रशासक सुरेन्द्र सिंह, अधीक्षक अभियंता हेमंत मित्तल, कार्यकारी अभियंता आनंद कुमार, मार्केट कमेटी आदमपुर के सचिव राहुल यादव व हिसार के सचिव भारत शर्मा शामिल रहे।क्षेत्रीय प्रशासक सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि अग्रोहा अनाज मंडी की सभी मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, लाइटें, कवर्ड शैडर, प्लेटफॉम व सड़क इत्यादि के लिए पांच करोड़ का टेंडर किया जा चुका है। इसका कार्य 10 फरवरी से शुरू कर दिया जाएगा। सचिव राहुल यादव ने बताया कि अग्रोहा अनाज मंडी को क्षेत्र की सबसे आधुनिक मंडी बनाया जा रहा है जिससे व्यापारियों व किसानों को सभी प्रकार की सुविधाएं मिल सकें। इसके अलावा जल्द ही अग्रोहा अनाज मंडी में ये सभी कार्य पूर्ण करवाकर किसान हित में कार्य किए जाएंगे।

### पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने सुनीं समस्याएं

**हिसार।** भाजपा जिला कार्यालय में गुरुवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने नागरिकों की जनसमस्याएं सुनी। शिकायतों पर डॉ. गुप्ता ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से फोन पर संपर्क कर त्वरित समाधान सुनिश्चित कराया, जिससे आमजन में संतोष और विश्वास का माहौल बना। इस अवसर पर सुरेश गोयल धूप वाला, रामचंद्र गुप्ता, सतीश सुरलिया, सुरेंद्र सिंह सैनी, लोकेश असीजा, दीपक अग्रवाल, कृष्ण बिश्नोई, विनोद तोशावाड़, प्रोमिला पुनिया आदि उपस्थित रहें।

### नामदेव धर्मशाला में आज मनाई जाएगी बसंत पंचमी

**हिसार।** नामदेव धर्मशाला में हर वर्ष की भांति इस बार भी बसंत पंचमी का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। नामदेव चैरिटेबल ट्रस्ट एवं सभा की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के चेयरमैन मास्टर प्रताप सिंह वर्मा करेंगे। कार्यक्रम में सिंचाई विभाग के एसई सुनील वर्मा मुख्य अतिथि होंगे। सभा के प्रेस सचिव विनोद रोहिल्ला ने बताया कि इस कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में शहर के लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. रोहित सागू, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, जिला न्यायालय अधीक्षक राजेश वर्मा, डाकघर के सहायक अधीक्षक कृष्ण रोहिल्ला आदि उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर समाज के विद्यार्थियों व विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा।

### वीना चौधरी बनी श्रमिक संगठन की प्रदेश महामंत्री

**हांसी।** भाजपा द्वारा श्रमिक संगठन के संगठनात्मक विस्तार को मजबूती प्रदान करते के लिए गुरुवार को हांसी की वीना चौधरी को भाजपा श्रमिक संगठन, हरियाणा की प्रदेश महामंत्री बनाया गया। एक समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. बिस्वप्रिय रॉय चौधरी ने पद ग्रहण करवाया। इस अवसर पर जिला प्रधान अजय सिंह पूनिया ने कहा कि वीना चौधरी की महामंत्री के पद नियुक्ति से संगठन को नई ऊर्जा और नई दिशा मिलेगी। उनके नेतृत्व में भाजपा श्रमिक संगठन हरियाणा में मजदूरों, गरीबों और कमजोर वर्ग की आवाज को और मजबूती से उठाएगा।

### स्वयंसेवकों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**उकलाना।** आरडीएम सरस्वती पब्लिक स्कूल, उकलाना मंडी में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के 5वें दिन डॉ. जय भगवान राजलीवाल ने एनएसएस स्वयंसेवकों को स्वच्छता के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा पर जागरूक किया। आज के समय पर साइबर ठगी के मामले बड़ी मात्रा में सामने आ रहे है। उन्होंने इंटरनेट और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव तथा साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. के.सी. शर्मा, प्रधानाचार्या डॉ. शालू कटारिया आदि उपस्थित रहे।

## दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान में शिव कथा का आयोजन

# ईश्वर से मिलन का माध्यम है शिव कथा : साध्वी दिवेश

■ मनुष्य जीवन में प्रभु की प्राप्ति संत सतगुरु की शरण में होती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा गांव लाडवा में चार दिवसीय शिव कथा का आयोजन किया गया। गुरदेव आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी दिवेश भारती ने कथा के प्रथम दिवस श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान शिव की कथा ईश्वर से मिलन का माध्यम है क्योंकि प्रभु की कथा कोई कहानी या कथानक नहीं है। साध्वी ने कहा कि यह वह ज्ञान गंगा है जिसमें पापी से पापी व्यक्ति का मन भी निर्मल हो जाता है। कथा रूपी ज्ञान गंगा में गोता लगाने पर मानव जान पाता है कि उसके जीवन का उद्देश्य केवल सांसारिक भौतिक पदार्थों को भोगना ही नहीं अपितु इस जीवन का उद्देश्य परमात्मा को पाना है और प्रभु की प्राप्ति संत सतगुरु की शरण में जाकर अध्यात्म रूपी रत्नों को खोजने से होती है।


**हिसार।** लाडवा में आयोजित शिव कथा में प्रवचन देते हुए साध्वी दिवेश भारती।

### भजनों का आयोजन

साध्वी ने मां सती के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने प्रभु श्रीराम की लीला को बुद्धि से परखा बल्कि परमात्मा बुद्धि का विषय नहीं। परमात्मा को पूर्ण गुरु से प्राप्त ब्रह्मज्ञान के द्वारा देखा जाता है और जब मानव अपने भीतर ईश्वर को देख लेता है फिर संशय समाप्त हो जाता है। कथा में साध्वी रवनीत भारती, साध्वी परवीन भारती और साध्वी उमा भारती ने मधुर भजनों के द्वारा संगत को मंत्र मुग्ध कर दिया।

## धार्मिक अनुष्ठान में मां चण्डके की पूजा कर मुकुट व छत्र चढ़ाया

# मां चण्डके देवी मंदिर में नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान जारी, श्रद्धालुओं ने हवन में लिया हिस्सा

■ कुछ दिन पहले पांडवकालीन मंदिर से चोरी हुआ था माता का मुकुट, चत्र और अन्य सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पांडवकालीन प्रसिद्ध प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर में नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान, सहस्त्र चंडी पाठ व शिव महारुद्राभिषेक पूरे उत्साह के साथ जारी है। धार्मिक अनुष्ठान के अंतर्गत पाबड़ा के इस मंदिर के प्रांगण में आयोजित हवन-यज्ञ में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया और आहुति डालते हुए जनकल्याण की कामना की। इस दौरान भक्तों ने मां चण्डके की प्रतिमा के समक्ष आराधना करते हुए मुकुट व छत्र भी चढ़ाया। कुछ दिन पूर्व मंदिर से माता का मुकुट, छत्र व अन्य सामग्री चोरी हो गई थी। इस घटनाक्रम की जानकारी मिलते ही हरियाणा रोडवेज के प्रधान कुलदीप ने छत्र अर्पित किया और माता के एक भक्त ने गुप्त दान करते हुए मुकुट अर्पित किया। दानियों ने कहा कि माता के मुकुट, छत्र व अन्य सामग्री चोरी करने वाला इंसान स्वयं दंड भुगतेगा। उन्होंने कहा कि माता के दरबार में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। इस अवसर पर मां चण्डके देवी सेवा समिति प्रधान जगदीश तायल, बिजेंद्र किनाला, कुलदीप कुंडू, कीर्तिरतन शर्मा, मीना शर्मा, सत्ता चहल, कुलदीप फरीदपुर, जगबीर सरपंच फरीदपुर, जीवनदास अनेजा व शीला देवी अनेजा उपस्थित रहे। इस दौरान महेश बंसल जिला संचालक हांसी, जगदीश गोयल दिल्ली, अशोक गोयल, राजेंद्र लोहिया व शील क कुंडू भी मौजूद रहे।


**हिसार।** प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर के नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान में हवन में हिस्सा लेते श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

## शांति नगर ब्रह्मज्ञान मंदिर में धूमधाम से मनाई गई बसंत पंचमी


**हिसार।** शांति नगर स्थित परमहंस श्रीयोग दरबार ब्रह्मज्ञान मंदिर कुटिया में गुरुवार को बसंत पंचमी बड़े धूमधाम से मनाई गई। ब्रह्मदर्शी संत उपरामानंद महाराज के आशीर्वाद से भजन-कीर्तन व सत्संग का आयोजन किया गया। असंख्य लोग बसंत के अनुरुप पीले वस्त्र अथवा पीली टोपियां धारण किए हुए थे। संत रामानंद ने बताया कि 9 रामायणों के पाठ का भोग डाला गया। ये पाठ 14 जनवरी को शुरु किये गये थे। रामायण पाठ के भोग के दौरान पंडाल जयश्रीराम व हनुमानजी के जयकारों से गूंज उठा। इससे पूर्व बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में प्रातः हवन किया गया। हवन उपरांत कीर्तन करते हुए ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद आयोजित सत्संग समारोह में संत रामानंद के अलावा संत मंडली ने प्रवचन देते हुए श्रद्धालुओं को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी । नगर के सैकड़ों गणमान्य लोगों ने दरबार में माथा टेका।

## भारत देश के लिए 26 जनवरी का दिन पावन व ऐतिहासिक : बजरंग गर्ग


**हिसार।** पीजीएसडी शिक्षण संस्थान के पदाधिकारियों की मीटिंग संस्था के प्रधान बजरंग गर्ग अध्यक्षता में हुई। इस मीटिंग में स्कूल में गणतंत्र दिवस मनाने की तैयारी पर विचार किया गया। पीजीएसडी शिक्षण संस्थान के प्रधान बजरंग गर्ग ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत देश के लिए 26 जनवरी का दिन पावन व ऐतिहासिक है। गणतंत्र दिवस भारतीय गर्व, सम्मान और खुशी से मानता है। 26 जनवरी 1950 को भारत देश का संविधान लागू हुआ था। इसी खुशी में स्कूल के प्रांगण में छात्र-छात्राओं द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाएगा। 26 जनवरी को ध्वजारोहण के साथ देशभक्ति व हरियाणी गीतों पर बच्चों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी और स्कूलों में अन्य कार्यक्रम होंगे। इस अवसर पर नारायण दास बंसल, कैलाश चौधरी, रमेश लोहिया, सुरेंद्र सिंगला, प्रवीण जैन, ओम प्रकाश असीजा, सतेंद्र गोयल, जगत नारायण, रमेश पटवारी, पितरू मल गोयल ने अपने विचार रखें।

## श्री काली देवी विद्या मंदिर श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया बसंत पंचमी पर्व


**हांसी।** श्री काली देवी विद्या मंदिर में गुरुवार को ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की उपासना का पावन पर्व बसंत पंचमी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा की गई भावपूर्ण सरस्वती वंदना से हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भाषण प्रस्तुत किए तथा संस्कृत के पवित्र श्लोकों के सस्वर पाठ से वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या गीता मेहता ने अपने संबोधन में कहा कि बसंत पंचमी ऋतु परिवर्तन के प्रतीक पर्व है, जो शीत ऋतु के अंत एवं नवजीवन, उल्लास और सृजनात्मकता के आगमन का संदेश देता है। यह पर्व विद्यार्थियों को ज्ञानार्जन, सकारात्मक सोच एवं संस्कारों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम का समापन मां सरस्वती से सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ हुआ।

मार्शल आर्ट्स पर तीन दिवसीय कार्यशाला

# हाथों का हुनर आत्मनिर्भरता की ओर एक सशक्त कदम : डॉ. दुहन

■ कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साह से की सुंदर कलाकृतियां तैयार

**हिसार।** राजकीय महाविद्यालय नलवा में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में मार्बल आर्ट्स एवं रीजनल आर्ट्स विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्या डॉ. कमलेश दुहन के नेतृत्व में व डॉ. कविता खरींटा की संयोजकता में यह कार्यक्रम हुआ। प्राचार्य डॉ. कमलेश दुहन ने बताया कि कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा मार्बल आर्ट्स की बारीक तकनीकों, रंगों के संतुलन तथा आकर्षक डिज़ाइन निर्माण की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में पारंपरिक कलाओं पर प्रकाश डालते हुए उनके सांस्कृतिक महत्व को समझाया गया। छात्राओं ने पूरे उत्साह एवं रुचि के साथ सहभागिता करते हुए सुंदर कलाकृतियां तैयार कीं। डॉ. दुहन ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के विकास में सहायक होती हैं।


**हिसार।** प्रतिभागियों के साथ प्राचार्या डॉ. कमलेश दुहन व अन्य प्राध्यापकगण।

## बलिदान दिवस पर समाधि स्थल पर माल्यार्पण कर शहीद को किया नमन

# अमर शहीद यति पूर्णानंद का बलिदान आज भी लोगों को प्रेरणा देता है : रतेरिया

■ लोकहित मंच ने किया बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

देश की आज़ादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले हांसी क्षेत्र के अमर स्वतंत्रता सेनानी यति पूर्णानंद के बलिदान दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था लोकहित मंच द्वारा एक गरिमामय श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अंदर वाली आमटी मंदिर स्थित यति पूर्णानंद की समाधि स्थल पर आयोजित हुआ, जहां श्रद्धा और सम्मान के साथ उनके चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा दीप प्रज्ज्वलित उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् के उद्घोष के साथ हुई।


**हांसी।** यति पूर्णानंद की समाधि स्थल पर माल्यार्पण करते धर्मवीर रतेरिया, मनमोहन तायल, विपिन बाबा व अन्य।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया ने यति पूर्णानंद के जीवन एवं संघर्ष पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे यति पूर्णानंद जैसे वीरों के जीवन से प्रेरणा लें, अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों को भी समझें और देश सेवा को अपने जीवन का लक्ष्य बनाएं। इस अवसर पर संस्था के महासचिव मनमोहन तायल, कार्यक्रम संयोजक विपिन बाबा, प्रवीण सिंगला, धीरज कपूर, दिनेश गोयल, नरेश शर्मा, बलराम शर्मा, राजेंद्र शर्मा, गुलशन शर्मा, परमानन्द शर्मा, आशीष बब्बर, पंडित तुलसी राम, संजीव गुप्ता, देशराज मेहरा, प्रवीण सहारा, तेजभान कुकडेजा, अक्षत सचदेवा, संतोष रानी आदि मौजूद रहे।


**हिसार।** छात्राओं व स्टाफ सदस्यों के साथ प्राचार्य डॉ. सतबीर सांगा।

## प्रतियोगिता में रसायन शास्त्र विभाग प्रथम

# जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में महिला कॉलेज का उत्कृष्ट प्रदर्शन

■ छात्रा रेनू व अंजू ने प्लास्टिक पुनर्चक्रण पर्यावरण बचाओ विषय पर बनाया मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राजकीय महिला महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग ने अंतर-जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान व भूगोल विभाग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंतर-जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन आईजी राजकीय महाविद्यालय टोहाना में किया गया था। इस प्रदर्शनी में रसायन शास्त्र विभाग की ओर से बीएससी-द्वितीय कक्षा की छात्रा रेनू और अंजू ने पर्यावरण के अनुकूल प्लास्टिक पुनर्चक्रण-पर्यावरण बचाओ विषय पर मॉडल प्रदर्शित किया गया। यह मॉडल प्रोफेसर वासुदेवन के शोध कार्य पर आधारित था। छात्रा रेनू और अंजू ने अपने मॉडल के माध्यम से वैज्ञानिक वासुदेवन के अवधारणाओं को सरल भाषा में समझाया, जिसे अतिथियों ने विज्ञान प्रदर्शनी में खूब सराहा की। भूगोल विभाग की ओर से बीए-द्वितीय कक्षा की छात्रा मुस्कान और हिमानी ने 'पर्यावरण संरक्षण में अरावली का महत्व' विषय पर मॉडल प्रदर्शित किया। प्राचार्य डा. सतबीर सिंह सांगा ने रसायन शास्त्र विभाग के प्रो. सत्येंद्र कुमार, डॉ. राकेश कुमार, भूगोल विभाग के डॉ.प्रदीप, डॉ. संजय कुमार, कविता, ममता और डॉ. अजय कुमार के योगदान की सराहना की और छात्रा रेनू, अंजू, मुस्कान और हिमानी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

राजकीय महाविद्यालय बरवाला में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

# नई सोच से युवा समाज की बदल सकते हैं दिशा : अनूप

■ रचनात्मक गतिविधियों से समाज में फैलता है सकारात्मक संदेश

**बरवाला।** रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में राजकीय महाविद्यालय के प्रांगण में राष्ट्रीय युवा दिवस पंद्रह दिवसीय अभियान के तहत एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता संयोजक सुनील कुमार एवं कार्यकारी प्राचार्य अनुप सिंह की देख रेख में हुई। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के संदीप कुमार, पंकज रहेजा, देवेंद्र सहित अन्य कर्मचारी सदस्य भी उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में कुल 10 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यकारी प्राचार्य अनूप सिंह ने अपने संदेश में कहा कि युवा नई सोच से समाज की दिशा बदल सकते हैं। इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियां न केवल आपकी कला को निखारती हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश फैलाने में भी मदद करती हैं।


**बरवाला।** प्रतिभागी विद्यार्थी बनाए गए पोस्टर को दिखाते हुए।

# हिसार मेयर प्रवीण पोपली ने मंडल आयुक्त से की शिष्टाचार मुलाकात

■ मुलाकात के दौरान शहर के विकास कार्यों पर हुई अहम चर्चा

**हिसार।** मेयर प्रवीण पोपली ने मंडल आयुक्त रवि प्रकाश गुप्ता से शिष्टाचार मुलाकात की। यह मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई, जिसमें शहर के विकास बारे विस्तृत और सार्थक चर्चा की गई।

मेयर ने गुरुवार को मुलाकात के दौरान मंडल आयुक्त को शहर में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं की जानकारी दी और आगामी योजनाओं को लेकर भी अपने विचार साझा किए। मेयर प्रवीण पोपली ने बताया कि इस दौरान बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, सड़क, जल निकासी, सफाई व्यवस्था, हरित क्षेत्र विकास और नागरिक सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर विशेष रूप से चर्चा हुई। इसके अलावा शहर की बढ़ती आबादी और यातायात को ध्यान में रखते हुए विकास योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया।


**हिसार।** मंडल आयुक्त रवि प्रकाश गुप्ता से मुलाकात करते मेयर प्रवीण पोपली।

## शिविर — राजकीय कॉलेज में आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन

आत्मरक्षा केवल शारीरिक सुरक्षा का माध्यम नहीं,बल्कि आत्मविश्वास का आधार

# आज की नारी को स्वयं पर विश्वास रखते हुए आगे बढ़ना चाहिए: श्रद्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

डीएसपी श्रद्धा ने कहा है कि आत्मरक्षा केवल शारीरिक सुरक्षा का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक सशक्तिकरण और आत्मविश्वास का आधार है। उन्होंने छात्राओं को निर्भीक होकर अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने, स्पष्ट सोच विकसित करने तथा जीवन में अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। डीएसपी श्रद्धा गुरुवार को शहर के गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय में आयोजित आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर छात्राओं व स्टाफ सदस्यों को संबोधित कर रही थीं। डीएसपी ने छात्राओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया और कहा कि आज की नारी को हर परिस्थिति में स्वयं पर विश्वास रखते हुए आगे बढ़ना चाहिए। प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार सैनी ने कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण छात्राओं के साथ-साथ पूरे समाज के लिए आवश्यक है। ऐसे शिविर छात्राओं को सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मीडिया प्रभारी प्रो. मनोज कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ, एंटी-सेक्सुअल हैरेसमेंट सेल (आईसीसी) तथा एनसीसी आर्मी विंग (गर्ल्स) द्वारा किया गया। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. नेहा बिश्नोई, आईसीसी प्रभारी डॉ. दीपिका रानी, एनसीसी प्रभारी डॉ. स्नेह लता सहित डॉ. वंदना गोयल, डॉ. प्रवीण बिश्नोई मौजूद रहे।


**हिसार।** छात्राओं को सम्मानित करती डीएसपी श्रद्धा व अन्य।

## खबर संक्षेप

### अंडरपास की मांग पर धरना 7वें दिन में प्रवेश

**उकलाना।** सिरसा–चंडीगढ़ रोड पर ओवरब्रिज के साथ अंडरपास की मांग को लेकर चल रहा धरना सातवें दिन में प्रवेश कर गया। इसी कड़ी में जजपा के हिसार जिलाध्यक्ष अनिल बालकिया के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता धरनास्थल पर पहुंचे और आंदोलन को समर्थन दिया। इस मौके पर हलका अध्यक्ष नरेश पूनिया, जितेंद्र श्योराण, विजेंद्र धानक, मनीष मेथी किरमारा, जोगेंद्र मौन, प्रधान बलजीत नंबरदार, कपूर सिंह, जयसिंह गोदारा, गुरुशरण भंगू, नेकीराम श्योराण, विक्रम बिठमडा चंद्रभान सेलवाल आदि उपस्थित रहे।

### मुआवजे के लिए किसानों ने डीसी को ज्ञापन दिया

**नारनौंद।** खेतों से गुजरने वाली हाई वोल्टेज लाइन बाबत मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है। भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतेंद्र लोहचब, सोनू लोहान आदि ने बताया कि किसानों के खेतों में जो 220 केवी ओर 132 केवी की लाइन खींची जा रही हैं। उसका अभी तक कोई मुआवजा नहीं दिया गया है। वास्तविक मार्केट मूल्य से मुआवजा तय किया जाए। उन्होंने बिना अनुमति खेतों में काम कर रहे एचवीपीएनएल के कर्मचारियों का विरोध किया और काम बंद करवा दिया। डीसी ने उच्च अधिकारियों व किसानों से बातचीत कर समस्या के समाधान का आश्वास न दिया है।

### बिजली कर्मचारियों की सांकेतिक भूख हड़ताल

**हांसी।** हरियाणा सरकार की कर्मचारी विरोधी ऑनलाइन तबादला नीति, पुरानी पेंशन बहाल करने, कोर्ट के आदेशानुसार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने तथा एक्सग्रेसिया नीति में संशोधन की मांग को लेकर यूनिट प्रधान सुरेंद्र हुड्डा की अध्यक्षता में ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन, हांसी यूनिट के आह्वान पर डिविजन कार्यालय के समक्ष प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक सांकेतिक भूख हड़ताल की गई। इस दौरान मंच संचालन सचिव जोनी कुमार सचिव किया गया। भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की और कार्यकारी अभियंता सुरेंद्र मेहरा को मुख्यमंत्री व बिजली निगम के मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा।

### समाधान शिविर में आई पीपीपी से जुड़ीं शिकायतें

**हांसी।** जिला सचिवालय परिसर में गुरुवार को जिला प्रशासन की ओर से समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता जिला उपायुक्त राहुल नरवाल ने की। इस दौरान 34 नागरिकों ने अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत की। समाधान शिविर में प्रस्तुत समस्याओं को जिला उपायुक्त ने गंभीरता से सुनकर मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में प्रस्तुत अधिकांश शिकायतें परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में आय दुरुस्त करवाने को लेकर रही।

### डीसी ने समाधान शिविर में सुनीं जनता की शिकायतें

**हिसार।** उपायुक्त महेंद्र पाल ने गुरुवार को लघु सचिवालय में लगे समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनीं। सुनवाई के दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा समस्याओं व शिकायतों पर हुई कार्रवाई के संबंध में विभागाध्यक्ष एक्शन टेकन रिपोर्ट भेजने को कहा। शिविर में मेयर प्रवीण पोपली, नगराधीश हरिराम आदि थे।

### बेटियों की शिक्षित करना पूरे समाज की जिम्मेदारी

**हिसार।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस उत्सव सप्ताह के अंतर्गत बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू राणा ने बताया कि कार्यक्रम आयोजित करने मुख्य उद्देश्य समाज में बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था।

---

### राखी गढ़ी स्थित म्यूजियम परिसर में हुआ सरस्वती महोत्सव- 2026, कृषि मंत्री ने किया संबोधित

# आदि बद्री से ओटू हेड तक सरस्वती के पुनर्जीवन के लिए निरंतर हो रहे प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आदि बद्री से लेकर सिरसा जिले के ओटू हेड तक सरस्वती नदी के पुनर्जीवन के लिए निरंतर सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं।

कृषि मंत्री राणा ने यह बात राखीगढ़ी गांव स्थित म्यूजियम परिसर में आयोजित सरस्वती महोत्सव में उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने सरस्वती हेरिटेज डेवलपमेंट बोर्ड तथा पुरातत्व विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में सरस्वती नदी से संबंधित विशेष प्रचार सामग्री तथा राखी गढ़ी गांव में स्थित पुरातात्विक स्थलों से खुदाई में प्राप्त वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया था।



नारनौंद। राखी गढ़ी के म्यूजियम में प्रदर्शनी को देखते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा व अन्य।

#### प्रदर्शनी की हर वस्तु में गहन रुचि दिखाकर ली पूरी जानकारी

कृषि मंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए प्रदर्शित एक-एक वस्तु के संबंध गहन रुचि दिखाते हुए विस्तार से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने पुरातात्विक स्थलों से प्राप्त वस्तुओं के संबंध में कुछ सवाल भी पूछे, मौके पर मौजूद पुरातत्व विशेषज्ञों ने सभी सवालों के जवाब के विस्तार से जवाब देकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया। सरस्वती नदी तथा राखीगढ़ी स्थित पुरातात्विक स्थलों के संबंध में कृषि मंत्री की व्यापक जानकारी को देखकर वहां उपस्थित लोग काफी प्रभावित हुए।

सरस्वती हेरिटेज डेवलपमेंट बोर्ड व पुरातत्व विभाग की प्रदर्शनी का अवलोकन

#### लोगों की समस्याएं भी सुनीं

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने इस दौरान राखीगढ़ी के नागरिकों की समस्याओं को भी सुना। उन्होंने गंदे पानी की निकासी को लेकर प्रस्तुत समस्या का समाधान करवाने के लिए कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पवार तथा वरिष्ठ अधिकारियों से भी मोबाइल फोन के जरिए बातचीत की। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि इस समस्या का समाधान निश्चित रूप से करवाया जाएगा। इसी प्रकार से उन्होंने कई लोगों की समस्याओं को सुना और समाधान करवाने का आश्वासन दिया।

#### पुरातात्विक स्थल देखे

कृषि मंत्री ने राखीगढ़ी में स्थित सिंधु सरस्वती सभ्यता के पुरातात्विक स्थलों का दौरा भी किया। उन्होंने टीला नंबर तीन पर जाकर वहां खुदाई में मिले कच्ची ईंटों के भवन तथा पक्की ईंटों के कुएं सहित अन्य वस्तुओं का अवलोकन किया। उन्होंने टीला नंबर एक पर स्थित अस्थाई म्यूजियम में रखी पुरातात्विक वस्तुओं को भी देखा। इस अवसर पर एसडीएम विकास यादव, गांव के सरपंच प्रतिनिधि बंटी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

---

### कर्मचारियों ने सांकेतिक भूख हड़ताल कर बिजली मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी कर्मचारियों व आम जनता के हित में नहीं: यूनियन

*दोनों यूनिटों के पदाधिकारी सुबह 11 से दोपहर बाद 4 बजे तक भूख हड़ताल पर बैठे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर्स यूनियन की आफिस यूनिट व सीबीओ यूनिट ने विद्युत सदन प्रांगण में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में संयुक्त सांकेतिक भूख हड़ताल की और अधीक्षक अभियंता को बिजली मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन की अध्यक्षता विकास तिवारी व सुनील कुमार ने की तथा संचालन राज्य उप प्रधान अशोक नेहरा ने किया। दोनों यूनिटों के पदाधिकारी प्रातः 11 बजे से लेकर दोपहर बाद 4 बजे तक भूख हड़ताल पर बैठे। सांकेतिक भूख हड़ताल के दौरान कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यूनियन नेताओं ने कहा कि बिजली निगमों में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी कर्मचारियों एवं आम जनता के हित में नहीं है। इस दौरान सर्व कर्मचारी संघ जिला प्रधान एवं यूनियन राज्य कमेटी नेता अशोक सैनी ने बताया कि देश की सभी ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर लेबर कोड़ रद्द करने, पुरानी पेंशन बहाल करने सहित बिजली कर्मचारियों की अन्य मांगों को लेकर आगामी 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जा रही है।



हिसार। ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को रद्द करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते यूनियन पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

#### इन्होंने भी किया संबोधित

कर्मचारियों को राज्य सचिव जयदेव गुलिया, पूनम कुंडू, महेश दहिया, अजय कुमार, प्रदीप चहल, अनिल कुमार, नीरज, ज्योति, बबीता, संजय, विकास, सुदेश, दिनेश सहारण, सोमबीर, अतुल, सर्वदानंद व अमन आदि कर्मचारी नेताओं ने भी संबोधित किया।



#### थर्मल खेदड़ गेट पर भी प्रदर्शन

**बरवाला।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी हरियाणा द्वारा थर्मल खेदड़ गेट पर ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को रद्द करने, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, पुरानी पेंशन बहाल करने व कर्मचारियों की अन्य लंबित मांगों को लेकर यूनिट कार्यकारिणी द्वारा सांकेतिक भूख हड़ताल की गई और कार्यकारी अभियंता संतोष सहारण के माध्यम से बिजली मंत्री हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा गया। यूनिट प्रधान शमशेर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी बिजली विभाग में लागू करने से एक्सीडेंट के खतरे बढ़ेंगे, तकनीकी कार्य में बाधा आएगी, लिपिक कार्य बाधित होंगे। आपातकाल सेवाएं सुचारू रूप से नहीं चल पाएंगे जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी होगी। इस दौरान देवेंद्र भारद्वाज, सन्दीप सहारण, सुखदेव शर्मा, दिलबाग भट्टू, रणवीर राठी, संजीत मान, सुनील, मनोज दहिया, हरिकेश, सुरेश, भूपेंदर, उमेद, सुनील नापा, जतिन आदि थे।

#### ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को बर्दाश्त नहीं: सोनी

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर्स यूनियन की यूनिट हिसार नंबर 1 व 2 तथा टीएस ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के खिलाफ अधीक्षक अभियंता कार्यालय के समक्ष सांकेतिक भूख हड़ताल कर रोष प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने अधीक्षक अभियंताओं को बिजली मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनिट प्रधान सुरेश रोहिल्ला, बिजेन्द्र पूनियां व प्रताप सिंह ने की तथा मंच संचालन यूनिट सचिव अनिल वर्मा, रमेश झोरड़ व अनिल बागड़ी ने किया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यूनियन के राज्य उप प्रधान जगमिन्द्र पूनिया, राज्य कमेटी सदस्य दिलबाग व दलीप सोनी, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान अशोक सैनी व सर्कल सचिव ओम प्रकाश वर्मा ने कहा कि यदि आदर्श ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी पर कर्मचारियों की आपत्तियों को गंभीरता से नहीं लिया गया तो यूनियन को भविष्य में और बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को प्रताप, प्रदीप, संदीप सिवाच, नरेश वर्मा, अमित मोर, राकेश, रणबीर, सुधीर, जगदीश बागड़ी, सुधीर, कविता व प्रतीक्षा आदि ने भी संबोधित किया।

---

### तनावमुक्त ड्यूटी करने के लिए पुलिस कर्मचारियों ने किया योग

**नारनौंद।** थाना नारनौंद के पुलिस कर्मचारियों द्वारा विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समस्त पुलिस कर्मचारियों ने उत्साह व अनुशासन के साथ योगाभ्यास किया। "वर्दी के साथ योग" के संकल्प के गुरुवार को थानों का दृश्य बदला हुआ नजर आया। पुलिस कर्मचारियों की सुबह योग मुद्राओं में आरंभ हुई। स्वस्थ पुलिस सुरक्षित समाज के उद्देश्य से आयोजित इस योग कार्यक्रम में पुलिस कर्मियों ने न केवल शारीरिक श्रम किया, बल्कि चुनौतीपूर्ण ड्यूटी के दौरान मानसिक शांति बनाए रखने के महत्वपूर्ण गुर भी सीखे। योगाभ्यास के दौरान पुलिस कर्मचारियों ने सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, विभिन्न योगासन तथा ध्यान का अभ्यास किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश कुमार, सतीश लाठर, जयसिंह, कमल आदि मौजूद थे।

### विद्यार्थियों को सूर्य-नमस्कार का करवाया अभ्यास

**नारनौंद।** भैणी अमीरपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित सूर्य-नमस्कार समारोह में आयुष योग सहायक जितेन्द्र सांगवान ने छात्रों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। उन्होंने ने बताया कि ब्लाक नारनौंद में यह अभियान ब्लॉक के योग कोर्डिनेटर दलशेर आर्य के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है, उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सूर्य नमस्कार हमारे ऋषियों द्वारा खोजी गई वो योग पद्धति है जो शारीरिक व्यायाम के साथ ही मानसिक एवं बौद्धिक विकास में सहायक है, विद्यालय के प्राचार्य रमेश कुमार राठी ने हरियाणा योग आयोग और आयुष विभाग का योग सहायक के माध्यम से आभार प्रकट किया किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रमेश कुमार राठी, सुदेश कुमार डीपीई, नरेंद्र, अशोक कुमार, राधेश्याम, नरेश दलाल, रजनी एवं सुमन आदि मौजूद थे।

---

# महिला कबड्डी में मुकलान की टीम जीती

### जिला स्तरीय खेल: पुरुष रस्साकशी में भिवानी रोहिल्ला टीम अव्वल

- मेरा युवा भारत हिसार का धीरणवास में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तहत मेरा युवा भारत हिसार द्वारा विकास डिफेंस स्कूल एंड स्पोर्ट्स अकेडमी धीरणवास में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, शारीरिक स्वास्थ्य और टीम वर्क को बढ़ावा देना था। इस दौरान प्रतिभागियों ने जीत के लिए अपना दमखम लगाया। आयोजन में नलवा विधायक रणधीर पनिहार मुख्य अतिथि रहे जबकि विकास डिफेंस स्कूल एंड स्पोर्ट्स अकेडमी के डायरेक्टर संजय बूरा विशिष्ट अतिथि रहे। संचालन एवं समन्वय जिला युवा अधिकारी कोमल ने किया। प्रतियोगिता में जिले भर से आए युवा खिलाड़ियों ने रस्साकसी, कबड्डी, लंबी कूद एवं दौड़ जैसे विभिन्न खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिला कबड्डी प्रतियोगिता में मुकलान की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि पुरुष वर्ग की रस्साकशी प्रतियोगिता में भिवानी रोहिल्ला की टीम विजेता रही।



हिसार। खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेते युवा खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मुख्य अतिथि रणधीर पनिहार ने प्रतिभागी युवाओं की ऊर्जा, अनुशासन और खेल प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर अभ्यास एवं समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं के सर्वांगीण विकास में खेल और शारीरिक स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान युवा राज्य पुरस्कारी सुरेंद्र आर्य, आजाद हिन्द युवा क्लब प्रधान कपूर सिंह आर्य, भिवानी रोहिल्ला के सरपंच बलजीत तथा पूर्व सरपंच तेलूराम, प्रधान चरण सिंह, कैप्टन सुबे, राम बीर फौजी, विपन कसवां, रणबीर सिंह, धर्मपाल, अनुप, हनीफ, दीपक, संजय सिंह, सतबीर, रमेश आदि मौजूद थे।

---

# पटेल नगर में ई-रिक्शा व पिकअप चालक के विवाद में 4 आरोपी पकड़े, एक से छुरी बरामद

- सामान उतारने के दौरान गाड़ी मोड़ते समय हुआ था झगड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पीएलए चौकी पुलिस ने पटेल नगर में हुए ई-रिक्शा–पिकअप विवाद मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान पटेल नगर निवासी सुरेश, सुभाष, जतिन व सचिन के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी जतिन के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त छुरी भी बरामद की है। पीएलए चौकी प्रभारी एएसआई अनूप ने बताया कि पुलिस चौकी को सूचना प्राप्त हुई थी कि फतेहाबाद के कुनाल निवासी राजबीर सिंह को लड़ाई-झगड़े में चोटें आने के कारण नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम नागरिक अस्पताल पहुंची और घायल राजबीर सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत के अनुसार राजबीर सिंह पिकअप गाड़ी पर चालक है।

बुधवार दोपहर को जब वह पटेल नगर में हार्डवेयर का सामान सप्लाई करने गया तो सामान उतारने के दौरान गाड़ी मोड़ते समय उसका एक ई-रिक्शा चालक से विवाद हो गया। विवाद के दौरान ई-रिक्शा चालक ने गाली-गलौज की और कुछ ही देर में 5-7 अन्य युवक मौके पर आ गए, जिन्होंने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान आरोपी जतिन ने उस पर छुरी से वार कर दिया। पुलिस वाहन के मौके पर पहुंचने पर सभी आरोपी फरार हो गए।



हिसार। पुलिस की गिरफ्त में झगड़े के आरोपी।

#### जेल में भेजे

चौकी प्रभारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर सिविल लाइन थाना में विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कके जांच शुरू की गई। जांच के दौरान आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी सुरेश, जो ई-रिक्शा चालक है, का ही पिकअप चालक राजबीर से विवाद हुआ था। इसके बाद उसने अन्य आरोपियों को मौके पर बुलाया।आरोपियों ने मिलकर राजबीर के साथ मारपीट की, जबकि जतिन ने छुरी से वार किया। पुलिस ने आरोपी जतिन से वारदात में प्रयुक्त छुरी बरामद कर ली है। सभी आरोपियों को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

---

### पीएचडी शोधार्थियों के लिए हुए इंडक्शन कार्यक्रम में वीसी ने रखे विचार

# सतही ज्ञान से उठाकर गहन चिंतन, तार्किक विश्लेषण और सत्य की खोज की ओर ले जाता शोध: प्रो. बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि शोध का अर्थ केवल पीएचडी की उपाधि प्राप्त करना नहीं है। शोध वास्तव में एक मानसिक अनुशासन है। शोध एक जीवन दृष्टि है, जो व्यक्ति को स्तही ज्ञान से ऊपर उठाकर गहन चिंतन तार्किक विश्लेषण और सत्य की खोज की ओर ले जाती है।

शोधार्थी का सबसे बड़ा गुण उसकी जिज्ञासा होती है, जो उसे 'जो है-सो है' से संतुष्ट न होकर यह पूछती है कि 'क्यों है' तथा 'और बेहतर कैसे हो सकता है'। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई विश्वविद्यालय के पीएचडी शोधार्थियों के लिए हुए इंडक्शन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. योगेश चाबा, डीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रो. नीरज दिलबागी, कार्यक्रम समन्वयक डा. विवेक गुप्ता व डा. नरेन्द्र चौहान भी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने शोधार्थियों से कहा कि अब तक शिक्षा नीति 'आप क्या सोचते हैं', पर फोकस करती थी, लेकिन नई शिक्षा नीति 'अब आप कैसे सोचते हैं', पर फोकस करती है। नई शिक्षा नीति में शोधार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि से सीमित विषय वस्तु में न बंधे रहें, बल्कि विभिन्न विषयों के समन्वय से ऐसे शोध कार्य करें, जो समाज उद्योग पर्यावरण और शासन की वास्तविक समस्याओं का समाधान प्रस्तुत कर सकें।



हिसार। इंडक्शन कार्यक्रम का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

#### 300 से अधिक शोधार्थियों ने लिया भाग

प्रो. नीरज दिलबागी ने अपने स्वागत संबोधन में बताया कि इस इंडक्शन कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी विभागों के 300 से अधिक शोधार्थियों ने भाग लिया। इस इंडक्शन कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता तथा समाज व राष्ट्र उपयोगी शोध के लिए न केवल प्रेरित किया गया, बल्कि उन्हें शोध की नवीनतम तकनीकों के बारे में भी बताया गया गया। डा. विवेक गुप्ता ने इस इंडक्शन कार्यक्रम के बारे में विस्तृत प्रस्तुति दी तथा बताया कि यह कार्यक्रम शोधार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी है। धन्यवाद संबोधन डा. नरेन्द्र चौहान ने किया। मंच संचालन डा. पल्लवी ने किया।

---



हिसार। सामान हटाते नगर निगम की टीम। फोटो : हरिभूमि

### नगर निगम की टीम ने हटाया बाजारों से अतिक्रमण, सामान भी किया जब्त

**हिसार।** शहर को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान नगर निगम द्वारा निरंतर जारी है। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान गुरुवार को निगम की टीम पूरी तैयारी के साथ मौके पर पहुंची। कार्यालय सहायक सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि गुरुवार को अभियान की शुरूआत गणेश मार्केट से की गई।

इस दौरान दुकानों के बाहर रखे बोर्ड को जब्त किया गया। इसके साथ टीम ने पारिजात चौक से दुकान की परिधि से रखें काउंटर को जब्त किया गया और दुकानदारों को अपना सामान दुकान की परिधि में रखने की अपील की। इसके बाद टीम राजगुरु मार्केट व इसके आसपास की मार्केट में पहुंची और लोगों सामान दुकान की परिधि में रखने की अपील की। इसके साथ ही टीम ने वाल्मीकि चौक से लेकर भगत सिंह चौक तक दुकानदारों को सामान दुकान की परिधि में रखने की अपील की। इसके बाद टीम ऑटो मार्केट फेस-3, फेस-1, पुरानी ऑटो मार्केट में मुनादी के साथ-साथ लोगों को सामान दुकान की परिधि में रखने की अपील की।